हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 24 जुलाई 2025
[ नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा ]

06 लोगों को स्वस्थ रखने ट्रेनिंग ले रही छात्राओं के...



09 ललितपुर विकास करेगा तो प्रदेश भी विकास...



## खबर संक्षेप

### अमानक बीज बेचने पर जैन कृषि सेवा केंद्र का लाइसेंस निलंबित

**भैरूंदा।** लाड़कुई के जैन कृषि सेवा केंद्र का बीज विक्रय लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। किसान कल्याण एवं कृषि विभाग सीहोर ने यह कार्रवाई बीज अधिनियम 1966 के उल्लंघन पर की है। उप संचालक कृषि अशोक उपाध्याय के आदेश पर यह निर्णय लिया गया। फर्म के खिलाफ बीज विक्रय में नियमों के उल्लंघन की शिकायतें मिली थीं। इसके बाद वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, पदेन उर्वरक निरीक्षक ने 19 जून को केंद्र का निरीक्षण किया।जांच में बीजों का संग्रहण और विक्रय तय मानकों के खिलाफ पाया गया। फर्म ने बीज विक्रय अनुज्ञप्ति की प्रति नहीं दी। बीज की गुणवत्ता संदेहास्पद पाई गई। बिना वैध बिल और लेबलिंग के बीज बेचे जा रहे थे। क्रय-विक्रय, स्टॉक रजिस्टर और कैश मेमो भी प्रस्तुत नहीं किया गया। जांच में यह भी सामने आया कि फर्म ने पंजीकृत बीज निर्माता कंपनियों के बीजों की जगह अन्य स्त्रोतों से प्राप्त बीज बेचे। इन सभी गड़बड़ियों के चलते कृषि उप संचालक ने कार्रवाई की। इसका मकसद बीज विक्रय में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना है।

### भारतीय डाक विभाग की दुर्घटना पॉलिसी में 10 लाख तक का क्लेम

**सीहोर।** भारतीय डाक विभाग की इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में 396 रुपये सालाना की कीमत पर दुर्घटना पॉलिसी जारी की है। इस बीमा पॉलिसी में दुर्घटना मृत्यु स्थाई विकलांगता, आंशिक विकलांगता होने अथवा घटना में अंग-भंग होने या लकवा होने की स्थिति में दस लाख रुपए तक का क्लेम प्रदान किया जायेगा। दुर्घटना का शिकार होने पर अस्पताल में भर्ती बीमाधारक को आईपीडी इलाज के खर्च के लिए 60 हजार रुपये और मरहम पट्टी की जाने अथवा ओपीडी में इलाज की स्थिति में 30 हजार रुपये की राशि मुहैया कराई जाएगी।

### शैक्षणिक गतिविधियां, मध्याह्न भोजन, बच्चों व शिक्षकों की उपस्थिति का जायजा लिया

# कलेक्टर ने स्कूल व निर्माणाधीन स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने बुधवार को नगर के शासकीय स्कूल का निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियां, मध्याह्न भोजन, बच्चों एवं शिक्षकों की उपस्थिति का जायजा लिया गया। कलेक्टर ने जनशिक्षा केन्द्र जगतपुरा, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कानड़ का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर संस्था प्रमुख एवं शिक्षकों को निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्कूलों के निरीक्षण के अवसर पर सभी संस्थाओं के परिसर में शिक्षकों के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण संदेश दिया। शिक्षकों को स्वयं पौधारोपण करने एवं स्कूली बच्चों का पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।








### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कानड़ का किया निरीक्षण



कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कानड़ का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने सर्वप्रथम स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माणाधीन कार्यां का अवलोकन कर गुणवत्ता परखी तथा निर्माण एजेंसी का कार्य गुणवत्तापूर्ण समय-सीमा में पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वीकृत नये अस्पताल भवन के लिये जगह चिन्हित करने के निर्देश एसडीएम आगर को दिए। कलेक्टर ने अस्पताल में प्रतिदिन ओपीडी, डिलेवरी आदि की जानकारी लेकर संस्था प्रमुख को निर्देश दिए कि बच्चों के जन्म होने पर उन्हें संस्था से डिस्चार्ज करते वक्त ही जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किया जाए। अस्पताल में आने वाले मरीजो को उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाए। कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं, भर्ती मरीजों को मीनू अनुसार सुबह-शाम भोजन प्रदान करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम आगर मिलिन्द ढ़ोके, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी एमके जाटव व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### सर्वेयरों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

# फसल गिरदावरी व फार्मर आरडी बनाने का मानदेय देने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

जिले के अंदर सर्वेयरों द्वारा फसल गिरदावरी तथा फार्मर आरडी बनाने का कार्य किया गया था। जिसका मानदेय सर्वेयरों को आज दिनांक तक प्राप्त नहीं होने पर उनके द्वारा मुख्यमंत्री के नाम का एक ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर को सौंपा गया।

मुख्यमंत्री के नाम दिये गये ज्ञापन में सर्वेयरों ने बताया कि उनके द्वारा फसल गिरदावरी तथा फार्मर आरडी बनाई गई जिसका मानदेय सर्वेयरो को आज दिन तक प्राप्त नही हुआ। हमारे द्वारा एक वर्ष में तीन बार खरीफ फसल व रबी फसल की गिरदावरी कि गई। जिसका मानदेय उन्हें आज दिनाक



तक प्राप्त नही हुआ तथा सभी सर्वेयरो का आई डी कार्ड बनाया जाय ताकि हम जब किसान के खेत पर जाते है गिरदावरी करने तो हम किसान को पहचान बता सके। ज्ञापन सौंपे जाने के दोरान सवैयर डॉ जगदीश मालवीय, धर्मेन्द्र विश्वकर्मा, शांतिलाल यादव, श्याम सुर्यवशी, कालुसिंह राजपुत, धमेन्द्र ठाकुर, श्याम अजमेरिया, राजेश चौहान आदि सर्वेयर उपस्थित थे,जिन्होंने संयुक्त कलेक्टर किरण बरबड़े को ज्ञापन सौंपा।

### सावन मास में मनाया जा रहा झूलन उत्सव

# घरों में ठाकुर जी व राधा रानी की सजाई जा रही आकर्षक झांकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

सावन मास में शिवालयों में जहां भगवान भोले की भक्ति में भक्त रमे हुए हैं, वहीं महिलाओं द्वारा भी इस पवित्र मास में झूलन उत्सव का आयोजन कर घरों में ठाकुर जी व राधा रानी की आकर्षक झांकी सजाई जा रही है। जहां बड़ी संख्या में महिलाऐं उपस्थित होकर राधे रानी को पालना झुलाकर भजनों का गायन कर रही है।

सावन मास में नगर में भक्ति की बयार बह रही है। हरे राम हरे कृष्ण सनातन समूह द्वारा झूलन उत्सव का आयोजन घरों पर किया जा रहा है। घरों में ठाकुर जी व राधा रानी की झांकी सजा कर उन्हें पालने में झुलाया जारहा है। इस दौरान ढोलक की थाप पर महिलाओं द्वारा भजन गाते हुवे जमकर नृत्य भी किया जा रहा है। सावन मास में झूला झूलने की पुरातन परंपरा के चलते महिलाओं द्वारा झूलन उत्सव मनाते हुए राधे रानी को झूला झुलाया जा रहा है।



# नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत शिशु मंदिर में प्रबोधन कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बुधवार को नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी नागेश यादव ने भैया-बहनों को मार्गदर्शन प्रदान किया। विशेष बात यह रही कि यादव स्वयं शिशु मंदिर के पूर्व छात्र रहे हैं जिससे विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखा गया।

अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने कहा कि नशा करने के बाद छोड़ना नहीं बल्कि नशा करना ही नहीं यह संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के विभिन्न रूपों के बारे में भी जानकारी दी। जिनमें सोशल मीडिया की लत को भी एक प्रकार का नशा बताया और इससे दूर रहने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन अनिल शर्मा द्वारा तथा आभार प्रदर्शन प्राचार्य ईश्वर सोलंकी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन पर थाना प्रभारी द्वारा उपस्थित सभी भैया-बहनों को नशा न करने की शपथ भी दिलवाई गई।



# मन में जब तक राग, द्वेष रूपी विकार भरे रहेंगे तब तक मन शुद्ध नहीं होगा : पं. आशीष

**नलखेड़ा।** ग्राम गुदरावन में चल रही सात दिवसीय शिव महापुराण कथा के छठे दिवस की कथा सुनाते हुए पंडित आशीष शर्मा ने कहाकि भगवान को बुलाना है तो मन को निर्मल करें। मन में जब तक राग, द्वेष रूपी विकार भरे रहेंगे तब तक मन शुद्ध नहीं होगा। पाप करने वालों को भी राम-राम बोलने मात्र से भगवान ने तार दिया।



पंडित शर्मा ने समुद्र मंथन की कथा सुनाई। तथा कहाकि जहां बूढ़ों का अपमान होता है, वहां अपमान करने वालों की आयु, बुद्धि सब क्षीण हो जाती हैं। अतः हमें हमेशा बड़ों का सम्मान करना चाहिए। राम से हमें बड़ों का सम्मान करना सीखना चाहिए। उन्होंने अपने मंत्री सुमंत को भी अपने पिता के समान सम्मान दिया जबकि रावण ने भरी सभा में अपने मामा माल्यावंथ का अपमान किया। राम को तो खोया हुआ राज्य मिल गया वहीं रावण को मिला हुआ राज्य भी समाप्त हो गया।

कथा के अंत में आरती कर प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर अनेक ग्रामों से भक्तगण कथा का रसपान करने के लिए आए। गुरुवार को कथा 9 बजे से प्रारंभ होगी तथा कथा का विश्राम होगा और उसके पश्चात प्रसादी का वितरण किया जाएगा कथा के मुख्य अजमान बद्रीलाल चौधरी की ओर से पाटीदार धर्मशाला में यह साथ दिवसीय कथा का समापन होगा।



# दिनभर चला रिमझिम बारिश का दौर

**नलखेड़ा।** बुधवार को नगर सहित क्षेत्र में दिनभर रिमझिम व बूंदा बांदी का दौर चलता रहा, वहीं लगभग एक घंटे झमाझम वर्षा भी हुई। नगर सहित क्षेत्र में मंगलवार रात्रि से रुक रुककर वर्षा का दौर प्रारंभ हुआ। बुधवार को भी सुबह से रिमझिम व बूंदा बांदी प्रारंभ हो गई थी। लगभग 11 बजे झमाझम वर्षा प्रारम्भ हुई जोकि लगभग एक घंटे तक हुई। उसके बाद फिर बूंदा बांदी होती रही। नगर सहित क्षेत्र में अभी भी जोरदार वर्षा का इंतजार है।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के खिलाफ किया गया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार संचालित नशे से दूरी है जरूरी जनजागरुकता अभियान के तहत सिविल हॉस्पिटल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बुधवार को नगर में नशे से दूरी है जरूरी अभियान अंतर्गत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल हॉस्पिटल में जाकर लोगों को जागरूक किया और अस्पताल चौराहा पर स्कूली बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर सिविल अस्पताल में थाना प्रभारी नागेश यादव ने नशे से होने वाले नुकसान को लेकर समझाइश दी।



### मंत्री विजयवर्गीय ने स्वागत कर लिया आशीर्वाद

# महामंडलेश्वर ने किया पितरेश्वर महादेव का अभिषेक





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

मां बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित श्री सांदीपेंद्र आश्रम के संत महामंडलेश्वर स्वामी सांदीपेंद्र गिरि महाराज द्वारा इंदौर स्थित श्री पितरेश्वर महादेव का पूजन कर अभिषेक किया गया। इस दौरान मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित कई भक्त उपस्थित थे।

बुधवार को महामंडलेश्वर सांदीपेंद्र गिरी महाराज इंदौर स्थित पितृ पर्वत पहुंचे जहां उन्होंने पितरेश्वर हनुमान के दर्शन पूजन कर पितरेश्वर महादेव का पूजन कर मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक किया गया। पूजन अभिषेक के बाद पितृ पर्वत पर स्थित गौशाला में गौमाताओं की सेवा कर चारा खिलाया गया।

इस दौरान नगरीय प्रशासन व विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलीप सकलेचा, नलखेड़ा मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया, नलखेड़ा नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, तहसील प्रेस क्लब अध्यक्ष राजेंद्र सकलेचा, आगर जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवेश गुप्ता, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रोहित सकलेचा, भाजपा मंडल महामंत्री रितेश सोनी, पार्षद गोवर्धन वेदिया, तहसील प्रेस क्लब सचिव दिलीप खंडेलवाल, पत्रकार पप्पू मकवाना सहित कई भक्त उपस्थित थे। इस अवसर पर मंत्री विजयवर्गीय द्वारा महामंडलेश्वर को शॉल ओढ़ाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।



### मंत्री विजयवर्गीय का स्वागत कर विकास कार्यों के लिए सौंपा मांग पत्र

**नलखेड़ा।** नगरीय प्रशासन व विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का स्वागत कर नगर के विभिन्न विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत करने की मांग का पत्र सौंपा गया। बुधवार को इंदौर स्थित पितृ पर्वत पहुंचकर भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी द्वारा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को नगर के महत्वपूर्ण विकास कार्यो की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट सौंपकर राशि स्वीकृत करने की मांग की गई। इसके साथ ही नगर परिषद के नवीन कार्यालय का लोकार्पण करने के लिए मंत्री विजयवर्गीय से निवेदन भी किया गया। इस मौके पर विजयवर्गीय का स्वागत कर स्मृति चिन्ह के रूप में मां बगलामुखी का चित्र भेंट किया गया।


### गुणानुवाद सभा का होगा आयोजन

# आंनदसागर सूरीश्वर महाराज के 151वें जन्म शताब्दी वर्ष पर आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

आगमोद्वारक आंनदसागर सूरीश्वर महाराज के 151वें जन्म शताब्दी वर्ष पर जैन श्वेतांबर समाज व नवरत्न परिवार नलखेड़ा द्वारा धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। जैन श्वेतांबर समाज अध्यक्ष जितेंद्र सकलेचा, सचिव रवि सकलेचा तथा नवरत्न परिवार के प्रदेश पदाधिकारी राकेश दुगड़ व अध्यक्ष राहुल काठेड़ ने बताया कि श्री मांडवगढ़ महातीर्थ के जीणोद्धारक, सागर समुदाय के गणनायक,आगमोद्वारक श्री आंनदसागर सूरीश्वरजी महाराजा के 151वें जन्म शताब्दी वर्ष पर हरियाली अमावस्या गुरुवार को धार्मिक आयोजन होगा।

स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में चातुर्मास हेतु विराजित रत्ननिधि म.सा., पुण्य निधि म.सा. आदि ठाणा 5 द्वारा सागर महाराज के जीवन पर जैन आराधना भवन में विशिष्ट प्रवचन के साथ गुणानुवाद सभा का कार्यक्रम होगा।



जिसमें समाजजनों द्वारा आगमोद्वारक श्री के जीवन तथा उनके द्वारा जैनों के 45 आगमों का उद्धार किये जाने पर विभिन्न प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रकाश डाला जाएगा। इसके पूर्व लाभार्थी परिवार द्वारा सागर जी महाराज के नवीन चित्र का अनावरण कर आगमोद्वारक श्री के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया जाएगा। तथा धूप,दीप,वासक्षेप से पूजन कर चित्र पर माल्यार्पण किया जाएगा।

#### बच्चों द्वारा दी जाएगी प्रस्तुति

24 जुलाई रात्रि को जैन आराधना भवन में पाठशाला के बच्चों द्वारा शानदार प्रस्तुति दी जाएगी। श्री संघ की ओर से बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। सागरजी महाराज की जन्म जयंती के अवसर पर नवरत्न परिवार द्वारा 24 जुलाई को श्री चंदा प्रभु जैन श्वेतांबर मंदिर जी में सामूहिक भक्तामर पाठ के साथ स्नात्र पूजा रखी गई है। इसके पूर्व नवरत्न परिवार के सदस्य सह जोड़े पूजा की ड्रेस में जैन आराधना भवन से प्रातः 5:30 बजे घंटनाद और शंखनाद के साथ मंदिर जी पहुंचेंगे

**दादा गुरूदेव पूजन होगाः** श्री पार्श्व कुशल जिनमंदिर दादावाड़ी, नलखेड़ा पर अमावस्या के अवसर पर गुरुवार को दादा गुरुदेव पूजन दोपहर 2 बजे से लाभार्थी सुरेशचद, प्रकाशचंद,विजयकुमार,पंकज, अभिषेक फाफरिया परिवार नलखेड़ा की ओर से रखी गई है। पूजन श्री चंद्रप्रभु बहु मंडल द्वारा पढ़ाई जाएगी।

खबर संक्षेप

### अमलतास हॉस्पिटल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन




**देवास।** अमलतास आईवीएफ सेंटर, जो निःसंतान दंपतियों के लिए आशा की किरण एवं निसंतान दम्पतियों के वरदान साबित हो रहे अमलतास आईवीएफ़ केंद्र में शुक्रवार को निसंताता दिवस पर निःशुल्क निःसंतान शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बांझपन से जूझ रहे दंपतियों को अनुभवी आईवीएफ विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क परामर्श दिया जायेगा। साथ ही इस शिविर में कई महत्वपूर्ण जांचें जैसे खून पेशाब की जाँच, यूरिन आरएम, थायराइड, सोनोग्राफी, एचबीएसी शुगर की जाँच आदि पूरी तरह निःशुल्क की जाएंगी। अमलतास आईवीएफ़ सेंटर जहाँ अत्याधुनिक तकनीक और मॉडर्न लैब सुविधाएं उच्च सफलता दर के साथ सुरक्षित और विश्वसनीय उपचार, अनुभवी विशेषज्ञों और प्रशिक्षित स्टाफ की टीम, किफायती और पारदर्शी उपचार योजनाएं के साथ निरंतर सफल एवं संतुष्ट इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। अमलतास अस्पताल के चेयरमैन मयंक राज सिंह भदौरिया द्वारा बताया गया कि इस पहल का उद्देश्य सिर्फ इलाज करना नहीं, बल्कि लोगों की जिंदगी में खुशियां लाना है। इस विशेष शिविर के माध्यम से हम हर दंपति को उम्मीद और विश्वास देना चाहते हैं। निःसंतानता एक चुनौती है, लेकिन सही जानकारी, समय पर जांच और आधुनिक तकनीक से इसका समाधान संभव है।

## शासकीय नर्सिंग कॉलेज की छात्रों ने डिप्टी कलेक्टर और जिला स्वास्थ्य ओआईसी को बताई हॉस्टल की बदहाली

# लोगों को स्वस्थ रखने ट्रेनिंग ले रही छात्राओं के स्वास्थ्य की गारंटी नहीं, स्वास्थ्य अधिकारी को निरीक्षण में मिली अनियमित्ताएं

प्रतिवर्ष शासकीय नर्सिंग कॉलेज संचालन के लिए आवंटित लगभग 12 लाख रुपए की राशि अन्य मदो से निकलने की आशंका।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय की छात्राओं ने अपनी असहनीय परेशानी को लेकर सीएमएचओ कार्यालय में प्रदर्शन किया। नर्सिंग छात्रों ने कॉलेज और हॉस्टल की बदहाली की पोल खोल कर रख दी। छात्राओं ने हॉस्टल में उन्हें किस तरह का घटिया खाना, दूषित जल, बाथरूम के टूटे दरवाजे ,पीने के पानी का बंद आरओ सहित अनावश्यक रूप से लादी गई पेनल्टी का जिक्र डिप्टी कलेक्टर और जिला स्वास्थ्य नोडल अभिषेक शर्मा से किया। नर्सिंग छात्राओं का कहना था कि दूषित जल से खाना बनाया जाता हैं, निर्धारित शुल्क से ज्यादा पैसा वसूला जाता हैं फिर चाहे वह पोर्टल फीस, मेस फीस ड्रेस और किताबों के नाम पर लिए जाने वाला शुल्क हो। छात्राएं न केवल हॉस्टल की बदहाली से परेशान थी बल्कि कॉलेज प्रबंधन द्वारा लगाए गए जबरन फाइन से भी परेशान हो चुकी हैं। मंगलवार सुबह शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय की फर्स्ट ईयर और फोर्थ ईयर की लगभग 100 से ज्यादा छात्राएं सीएमएचओ कार्यालय पहुंची। छात्राएं सीएमएचओ को अपनी समस्याएं सुनाना चाहती थी लेकिन सीएमएचओ नदारद थी। हालांकि डीएचओ डॉ. मनीषा मिश्रा ने छात्राओं को समझने का प्रयास किया लेकिन छात्राएं नहीं मानी और सीएमएचओ से बात करने के लिए अड़ी रही। छात्राओं के प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही डिप्टी कलेक्टर अभिषेक शर्मा सीएमएचओ कार्यालय पहुंचे और छात्राओं की आपबीती सुनीं। डिप्टी कलेक्टर शर्मा ने छात्राओं से लंबी चर्चा कर छात्राओं की समस्या को गंभीरतापूर्वक सुना और हॉस्टल का निरीक्षण किया। छात्राओं की समस्या सुन और हॉस्टल के निरीक्षण के बाद शर्मा भी अचंभित हो गए उन्होंने जवाबदारों को फटकार लगाई और अव्यवस्थाओं में संलिप्तता पाए जाने पर एफआईआर करवाने की बात कही।



### दूषित पानी से बनता है खाना

छात्राओं ने शर्मा को बताया कि जिस पानी से खाना बनाया जा रहा है उस टंकी के पानी में मरा हुआ सांप मिला है। कॉलेज में आरओ बंद पड़ा हुआ हैं हम चार महीने से पीने का पानी खरीद कर पी रहे है। मेस का शुल्क हमसे 1800 रुपए की जगह 2400 लिया जाता है बावजूद इसके घटिया खाना दिया जाता हैं। कई बार शाम को खाना खत्म हो जाता है। चाय की क्वालिटी इतनी खराब है कि पी नहीं सकते । हमसे हॉस्टल की सफाई करवाई जाती हैं।

### ड्रेस, किताबें कॉलेज से खरीदने का दबाव

छात्राओं का कहना था कि पिछले वर्ष तक हम अपनी ड्रेस और किताबें खुद से खरीदने के लिए स्वतंत्र थे, लेकिन इस वर्ष कॉलेज की प्राचार्य ने ड्रेस कॉलेज से ही लेने के लिए कहा, जबकि बाहर से खरीदने पर हमें ड्रेस कम दरों पर मिल रही थी। ऐसे ही किताबें भी हमें कॉलेज से खरीदनी पड़ी। एग्जाम के फार्म भरने के लिए कॉलेज में ही पोर्टल शुल्क देना पड़ता है, जिसका शुल्क निर्धारित दरों से ज्यादा वसूला जाता हैं। गलती करने कर 500 रुपए फाइन लिया जाता हैं।

### लगभग 12 लाख मिलता है कॉलेज मेंनटेंस

शासन द्वारा प्रतिवर्ष नर्सिंग कॉलेज संचालन हेतु लगभग 12 लाख 90 हजार की बड़ी राशि निर्धारित की गई हैं , जो कि एनएचएम द्वारा मेंटेनेंस हेतु दी जाती हैं। एनएचएम के डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम मैनेजर इस राशि की मॉनिटरिंग करते हैं। ऐसे में इतनी अव्यवस्थाओं के चलते बड़ी राशि का किस प्रकार से कॉलेज और हॉस्टल में उपयोग किया जा रहा हैं, वो संदेह के घेरे में आ रहा हैं। हर वर्ष इतनी राशि यदि मेंटेनेंस के लिए दी जा रही हैं तो इतनी हॉस्टल बदहाली की ओर क्यों जा रहा है। यह बड़ी आर्थिक अनियमितता की ओर इंगित करता है इसकी जांच होना चाहिए।

### सरकारी बाबू के किराना मार्ट से आता है घटिया राशन

निरीक्षण के दौरान चौंकाने वाली बात सामने आई। घटिया खाने के मामले में कॉलेज की प्रभारी प्राचार्य निहारिका श्रीवास्तव ने बताया कि छात्रों के लिए बनने वाले भोजन के लिए राशन सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ बाबू पुरुषोत्तम पाटीदार के किराना मार्ट से आता है। निरीक्षण के दौरान जब राशन देखा गया तो चावल दाल की हालत देखकर सभी के होश उड़ गए। घटिया क्वालिटी के चावल की टुकड़ी छात्राओं को परसों जाती हैं। छात्राओं ने बताया कि तुवर की दाल में बटले की दाल मिक्स कर बनाई जाती हैं। सूत्रों की माने तो कॉलेज संचालन के लिए मिलने वाली 12 लाख रूपये की राशि का आहरण अन्य मदो में किया गया है। जिसमें आहरण अधिकारी और संबंधित विभाग की स्वीकृति भी शमिल है।


### नर्सिंग महाविद्यालय के हालात



ऐसा चावल परोसा जाता है छात्राओं को



इस जगह से पानी लेती हैं छात्राएं



पानी की टंकी में मिला मरा हुआ सांप



### निरीक्षण में मिली है कई अनियमित्ताएं, कराएंगे जांच

छात्राओं से विस्तृत चर्चा की गई है, उनकी समस्याओं और शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना गया है, जिसके बाद हॉस्टल का निरीक्षण किया गया है, अनियमितता पाई गई हैं जिसकी जांच कराई जाएगी।

**अभिषेक शर्मा,** डिप्टी कलेक्टर जिला स्वास्थ्य ओआईसी

## धर्म परिवर्तन की आशंका चार हिरासत में, एक फरार



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के बरौठा थाना क्षेत्र के जंगम इलाके में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। स्थानीय ग्रामीणों की शिकायत पर पुलिस ने जंगल क्षेत्र में रह रहे कुछ युवक-युवतियों पर धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश का संदेह जताया और चार लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह समूह लंबे समय से जंगल क्षेत्र में संदिग्ध तरीके से रह रहा था और वहां धर्मांतरण जैसी गतिविधियां की जा रही थीं। मौके पर पहुंची बरौठा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार संदिग्धों को थाने लाया, जबकि एक युवक सौरभ बनर्जी, जो कि पश्चिम बंगाल का निवासी बताया जा रहा है, अपने अन्य साथियों के साथ मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घटनास्थल से कुछ दस्तावेज़ और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी जप्त किए हैं। बरौठा थाना प्रभारी अजय गुर्जर ने बताया कि मामला संवेदनशील और संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, जिसकी गंभीरता से जांच की जा रही है। फरार आरोपियों की तलाश जारी है, वहीं गांव के लोगों ने धर्म परिवर्तन के आरोप लगाते हुए पुलिस को आवेदन सौंपा है और सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अब सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश में जुटी है कि आरोपितों का उद्देश्य क्या था और इनके पीछे कोई संगठित गिरोह तो नहीं है। स्थिति पर नजर रखी जा रही है, अधिक जानकारी आने पर खबर अपडेट की जाएगी।

## फर्जी आईडी चलाने वाले आरोपी की भीड़ ने पिटाई करने का किया प्रयास



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

फर्जी रुप से फेसबुक पर आईडी संचालित कर भडक़ाऊ व अभद्र संदेश प्रसारित करने वाले आरोपी को कोतवाली थाना पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया था।

बुधवार को पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया। उस दौरान न्यायालय में एकत्रित भीड़ ने आरोपी के साथ झूमाझटकी कर उसकी पिटाई करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस के सुरक्षा घेरे से भीड़ का प्रयास सफल नहीं हो पाया। जानकारी अनुसार मंगलवार को सोशल मीडिया फेसबुक पर फर्जी रुप से भडक़ाऊ व अभद्र संदेश प्रसारित करने वाले आरोपी हर्ष पिता श्रवण वर्मा को कोतवाली थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।

बुधवार को आरोपी हर्ष वर्मा को कोतवाली पुलिस ने सीजीएम कोर्ट में पेश किया जहां न्यायाधीश ने आरोपी को पुलिस ने जेल भेजने के आदेश दिए हैं।

## जय बाबा भंवरनाथ कांवड़ यात्रा जल लेने ओंकारेश्वर के लिए हुई रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

बुधवार सुबह ओंकारेश्वर के लिए कांवड़ियों का एक जत्था रवाना हुआ जो बाबा भंवरनाथ मंदिर प्रांगण से बोल बम कहते हुए निकला। यात्रा बुधवार शाम को ओंकारेश्वर पहुंचेगी और वहां से कल सुबह ओंकारेश्वर से मां नर्मदा का जल अपनी कावड़ में भरकर पैदल 150 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर अगले सोमवार को फिर भौरासा पहुंचेगी। यहां पर बाबा भंवरनाथ महाराज व भगवान मनकामेश्वर का मां नर्मदा के जल से अभिषेक किया जाएगा। इसके पश्चात सावन के सोमवार को बाबा भंवरनाथ महाराज की जय बाबा भंवरनाथ कावड़ यात्रियों द्वारा शाही सवारी भी निकाली जाएगी। यात्रा 24 जुलाई 2025 को ओंकारेश्वर से मां नर्मदा का जल भर कर भौरासा के लिए प्रस्थान करेगी जिसमें लगभग 150 से 200 कावड़ यात्रियों द्वारा जल भर कर लाया जाएगा और 28 जुलाई को बाबा भंवर नाथ का जलाभिषेक किया जाएगा। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, पार्षद सचिन यादव, अश्विन जायसवाल ,दिनेश ठाकुर, मुकेश कुमावत ,नकुल अग्रवाल, मौसम माली, विनोद धाकड़ विनायक माली आदि ने कांवड़ियों का स्वागत किया।

### देवास पुलिस का नशा मुक्ति अभियान 9वें दिन भी प्रभावी रूप से रहा जारी

# एडीजीपी और डीआईजी की उपस्थिति में हुआ जागरूकता कार्यक्रम






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार एवं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के दूरदर्शी मार्गदर्शन में, 15 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक समस्त प्रदेश में संचालित नशा मुक्ति जनजागरूकता अभियान ने समाज को एक नई सोच, नई दिशा और नई ऊर्जा प्रदान की है ।

देवास पुलिस द्वारा 9वें दिन एक विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन देवास औद्योगिक क्षेत्र स्थित सनफार्मा कंपनी परिसर में किया गया, जिसमें प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर एडीजीपी उज्जैन ज़ोन,उज्जैन उमेश जोगा, डीआईजी उज्जैन नवनीत भसीन,एसपी पुनीत गेहलोद, एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया एवं सीएसपी सुमित अग्रवाल उपस्थित रहे ।कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्ति अभियान की शपथ एडीजी उमेश जोगा द्वारा दिलाई गई। उन्होंने कंपनी के सैकड़ों कर्मचारियों, अधिकारियों एवं पुलिस बल को यह संकल्प दिलाया कि वे नशा नहीं करेंगे, दूसरों को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे, और एक स्वस्थ, सशक्त एवं नशा मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग देंगे । शपथ के पश्चात,हस्ताक्षर संकल्प अभियान चलाया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने संकल्प पत्र पर हस्ताक्षर कर नशा मुक्ति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर 500 से अधिक अधिकारी, कर्मचारी एवं पुलिस बल के सदस्य एकत्रित हुए और उन्होंने एक स्वर में नशा छोड़ने एवं समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया।

एडीजी जोगा ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि "शपथ केवल शब्द नहीं, यह एक सामाजिक जिम्मेदारी है। नशे के खिलाफ यह लड़ाई हर नागरिक की है, और पुलिस समाज के साथ मिलकर इसे सफल बना रही है। 500 से अधिक लोगों की सक्रिय भागीदारी यह दर्शाती है कि समाज अब जागरूक हो रहा है । नशा सिर्फ व्यक्ति नहीं, पूरे समाज को खोखला करता है इसे मिलकर रोकना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है ।डीआईजी भसीन ने कहा कि जब कार्यस्थल नशा मुक्त होते हैं, तो कार्यकुशलता, स्वास्थ्य और सकारात्मकता अपने आप बढ़ती है। देवास जैसे औद्योगिक शहरों में यह पहल अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम में एसपी गेहलोद ने कहा कि"देवास पुलिस सिर्फ कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक पहलू में सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह अभियान उसी दिशा में एक बड़ा कदम है। एएसपी भदौरिया ने अपने संबोधन में युवाओं को नशे के मानसिक,सामाजिक एवं पारिवारिक दुष्परिणामों की जानकारी दी ।सनफार्मा कंपनी प्रबंधन ने देवास पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस सामाजिक अभियान की सराहना करते हुए इसे एक सकारात्मक और प्रेरणादायक प्रयास₹ बताया। कंपनी ने भविष्य में भी ऐसे प्रयासों में सक्रिय भागीदारी का आश्वासन दिया।

## आदेश के बाद भी प्रशासन आवारा मवेशियों को लेकर नहीं गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



सड़कों पर घूमने वाली लावारिस गौ माता आए दिन सड़क हादसे का शिकार हो रही है। इंदौर बैतूल हाईवे मार्ग पर आए दिन सड़क हादसों में गायों की मौत हो रही है, लेकिन कोई जिम्मेदार इस ओर ध्यान देना उचित नहीं समझ रहा है, जबकि लगातार मुख्यमंत्री द्वारा सभाओं में सड़कों पर घूमने वाली गायों के संरक्षण के लिए गौशालाओं में छोड़ने के आदेश कलेक्टरों को दिए जाते हैं। बावजूद इसके जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। पंचायत स्तर पर बनी गौशालाएं खाली भी है और इसी उद्देश्य के लिए बनाई गई है ,कि वहां पर गायों को रखा जाए, लेकिन पंचायत विभाग में बैठे जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण इसका लाभ गौ माता को नहीं मिल पा रहा है। जनपद पंचायत बागली की बात की जाए तो कई बड़ी गौशालाएं ग्राम पंचायत में बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। विगत दिनों बजरंग सेवा के कार्यकर्ताओं द्वारा लगभग 25 से 30 गौवंश जटाशंकर गौशाला में छोड़े गए, फिर भी बहुत सारी गौ माता अभी भी सड़कों पर घूमती दिखाई देती है, बुधवार की सुबह फिर एक गाय सड़क हादसे का शिकार हुई। अज्ञात वाहन द्वारा एक गाय को अपनी चपेट में ले लिया। बजरंग सेना जिला अध्यक्ष प्रतीक वैष्णव ने बताया है कि अज्ञात वाहन द्वारा उक्त गौ माता को अपनी चपेट में लिया गया है। हादसे में गाय का मुंह पूरी तरह छिन्न भिन्न हो गया। गाय की दशा को देखते हुए लगता है कि काफी दूर तक वाहन ने गाय को घसीटा है। वैष्णव ने बताया है कि लगातार जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों को इन घटनाओं से अवगत कराया जा रहा है, लेकिन कोई भी ध्यान देना उचित नहीं समझ रहा, जबकि मुख्यमंत्री के आदेश है कि सभी गायों को गौशालाओं में छोड़ा जाए।

## खबर संक्षेप



### सामान तथा मोबाइल फोन लौटाया

**ललितपुर।** रात्रि में आरपीएफ के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त झाँसी के कुशल दिशा-निर्देशन में रेल यात्रियों एवं यात्री सामानों की सुरक्षा के मद्देनजर आरपीएफ ललितपुर के उप निरीक्षक घनेन्द्र सिंह हमराही हेडकांस्टेबल विश्वेंद्र सिंह द्वारा गश्त एवं निगरानी की जा रही थी,जिस दौरान उन्हें ललितपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 2/3 पर दो पिट्ठू बैग लावारिस हालत में रखे मिले,जहां किसी यात्री द्वारा उन बैगों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी जा सकी, दोनों बैगों में इस्तेमाली कपड़े व सामान के अलावा एक एंड्रायड मोबाइल फोन मय चार्जर मिला, जिसके माध्यम से छूटे हुए बैग के मालिक/यात्री जगतपाल सिंह पुत्र सोन सिंह निवासी ग्राम भौंटा थाना मड़ावरा जिला ललितपुर उत्तर प्रदेश के सहोदर छोटे भाई मनमोहन सिंह जो न्यू ललितपुर टाउन रेलवे स्टेशन पर रेलवे प्वांइट्समैन के पद पर नौकरी करते हैं,को सुपुर्द किया गया।आरपीएफ के इस कार्य के लिए संबंधित यात्री एवं उनके भाई द्वारा आरपीएफ ललितपुर की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

### रास्ते में रोककर मारपीट कर धमकाने का आरोप

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम कल्यानपुरा निवासी राहुल लोधी पुत्र अनन्त सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह अपने गांव के लोगों के साथ मंगलवार को मध्य प्रदेश के जिला छतरपुर स्थित जटाशंकर धाम से अपने गांव कल्यानपुरा आ रहे थे। वह रात करीब 8 बजे जैसे ही ग्राम छिल्ला में बस स्टेण्ड के पास पहुंचे, तभी थाना बानपुर अंतर्गत छिल्ला गांव के रूपेश, रोहित पुत्रगण संतोष लोधी ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ आये और गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गये। बचाव करने आये लोगों के साथ भी मारपीट करते हुये उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बाइक की टक्कर से युवक घायल

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल व हाल एन.एच. 44 गोविन्द सागर बांध रोड के सामने गोविन्द नगर निवासी आशीष बबेले पुत्र महेन्द्र प्रसाद ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 11 जुलाई को रात करीब 9.30 बजे उसका छोटा भाई अभिषेक बबेले जो कि बांध के पूंछा से अपनी साइड से पैदल जा रहा था। तभी मोटर साइकिल के चालक ने लापरवाही से अभिषेक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे अभिषेक को तीन जगह से फ्रैक्चर हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर गाड़ी चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### अकेली महिला से घर में घुसकर छेड़छाड़

**ललितपुर।** थाना बानपुर के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 21 जुलाई को अपराह्न करीब 3 बजे वह घर में अकेली थी। तभी गांव के धर्मेंद्र पुत्र मुलायम यादव उसके घर में घुस आया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर उसने गालियां देते हुये मारपीट कर दी और शोरगुल मचाने पर ग्रामीणों को आता देख धर्मेंद्र भाग खड़ा हुआ। पुलिस ने महिला की तहरीर पर धर्मेंद्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज की।

### मजदूरी करके लौटते समय मारपीट

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम रोंडा निवासी भैयालाल पुत्र अशोक बुनकर ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीते सोमवार को शाम करीब 5 बजे वह मजदूरी करके घर जा रहा था। तभी रास्ते में बिजोरिया पुल के पास चीरा निवासी रामनारायण पुत्र शिवप्रसाद कबूतरा ने उसे गालियां देते हुये मारपीट कर दी, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आयी है और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

#### प्रभारी मंत्री ने सरकारी योजनाओं व विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की

# ललितपुर विकास करेगा तो प्रदेश भी विकास करेगा, मिलकर करें काम





**हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर**

राज्यमंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज उप्र जनपद प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने बुधवार को कलैक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक करते हुए जनपद के विकास कार्यों की हकीकत जानी और अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरुप कार्य करने के सख्त निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जनपद के विकास कार्यों में हीलाहवाली बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी, इसके लिए अधिकारी पूरी तत्परता के साथ अपने कार्यों को पूर्ण करायें, इसके साथ ही क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य और रोजगार से सम्बंधित शिकायतों का प्राथमिकता पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि जनप्रतिनिधियों के फोन अनिवार्य रुप से उठाये जायें और उनके द्वारा बतायी गई जनसमस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित कराते हुए लिखित रुप में जनप्रतिनिधियों को अवगत भी कराया जाए, अन्यथा उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। बैठक में राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, जिलाध्यक्ष भाजपा हरिश्चन्द्र रावत, एमएलसी प्रतिनिधि अतुल निरंजन की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक मुश्ताक ने सभी जनप्रतिनिधियों का बुके भेंट कर स्वागत किया। तत्पश्चात जनपद के विकास कार्यों की एक-एक कर विभागवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक संदीप कुमार ने जनपद के ग्राम सैदपुर में यूपीसीडा द्वारा 1472 एकड़ में बनाये जा रहे बल्क ड्रग फार्मा पार्क के बारे में बताया कि तीन चरणों में फार्मा पार्क का कार्य किया जाना है, प्रथम चरण में 352.91 एकड़ भूमि पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, साथ ही औद्योगिक इकाईयों की स्थापना के लिए निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से प्लाट आवंटन भी शुरु कर दिया गया है, जिसमें अब तक 4 प्लाट आवंटित भी किये जा चुके हैं।

### अधिशासी अभियंताओं को कड़े निर्देश दिए

उन्होंने जल निगम शहरी एवं ग्रामीण के अधिशासी अभियंताओं को कड़े निर्देश दिये कि हर घर तक शुद्ध पेयजल की उपलब्धता को हर हाल में सुनिश्चित करें और रोड रेस्टोरेशन का कार्य त्वरित गति से पूर्ण करायें। उन्होंने विद्युत विभाग के दोनों अधिशासी अभियंताओं को कड़े निर्देश दिये कि जनपद में रोस्टर के अनुसार आपूर्ति होनी चाहिए और जनप्रतिनिधियों के फोन आये तो अनिवार्य रुप से अटेण्ड किया जाए तथा उनके द्वारा बतायी गई जन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। इसके साथ ही स्मार्ट मीटरों में यदि शिकायत आ रही है तो क्षेत्र में जाकर उसका सत्यापन करें और समस्या का निस्तारण करायें। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिये कि मेडिकल कॉलेज में विद्युत और पेयजल की समस्या का जल्द से जल्द निस्तारण कराया जाए, इसके लिए बनाये जा रहे फीडर का कार्य त्वरित गति से आगे बढ़ाया जाए, ताकि आने वाले छात्रों को कोई समस्या न रहे।उन्होंने लोक निर्माण विभाग व नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर के प्रवेश द्वार को और अधिक आकर्षक बनाया जाए, ताकि लोग दूर से ही उसे देख सकें, इसके लिए प्रवेश द्वार से 100 मीटर दूरी पर एलईडी लाइट्स, द्वार पर फसाड लाइट, सीसीटीवी कैमरे व डिस्प्ले स्क्रीन आदि लगाई जाये, ताकि लोगों को लगे कि वे किसी शहर में प्रवेश कर रहे हैं। सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा में बताया गया कि प्रदेश की रैंकिंग में जनपद को 6वां स्थान प्राप्त हुआ है, इस पर मा0 प्रभारी मंत्री ने प्रसन्न्ता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन को बधाई दी और आगे भी अच्छा कार्य करने के लिए अधिकारियों का उत्साहवर्धन किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से जनपद समृद्ध है, इसके लिए जनपद में स्वीकृत 14 प्रोजेक्टों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश पर्यटन के प्रोजेक्ट मैनेजर को दिये। प्रभारी मंत्री ने कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि ललितपुर की अधिकांश आबादी कृषि पर निर्भर है, इसलिए कृषि विभाग के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि यहां के किसानों को खाद, बीज और उर्वरकों की कमी न होने पाये, इसके अलावा जनपद में समय से क्रय केन्द्र खोले जायें। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने जनपद के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों को जनपद के पर्यटन से सम्बंधित पोट्रेट और कैलेण्डर भेंट किये।

### 5 महिलाओं को ई-रिक्शा व टूलकिट प्रदान की गई

इस अवसर पर प्रभारी मंत्री के द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के माध्यम से मिशन शक्ति अभियान 3.0 के अन्तर्गत प्रशिक्षित महिला उद्यमियों को स्वावलम्बी बनाने हेतु 5 महिला उद्यमियों क्रमशः अंजली देवी राय, शिवानी कुशवाहा, सुलोचना रजक, अभय तिर्की, खिलन अहिरवार को वित्त पोषित ई-रिक्शा एवं टूलकिट प्रदान की गयी। समीक्षा बैठक के उपरान्त प्रभारी मंत्री ने ग्राम सैदपुर में निमार्णाधीन बल्क ड्रग फार्मा पार्क का निरीक्षण किया और क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा को निर्देश दिये कि वह निर्माण कार्य में तेजी लायें, सबसे पहले उसका भव्य प्रवेश द्वार तैयार करायें, जिससे क्षेत्र के लोगों को जानकारी हो सके। उन्होंने कहा कि ललितपुर में यह प्रदेश का पहला और देश का चौथा ड्रग फार्मा पार्क तैयार हो रहा है, जो ललितपुर के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इसके विकसित होने से बड़ी-बड़ी दवा कम्पनियां व कारोबारी यहां अपने यूनिट स्थापित करेंगे और करोड़ों रुपए का निवेश करेंगे, जिससे यहां के लोगों को रोजगार मिलेगा और ललितपुर आर्थिक रुप से समृद्ध होगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, सीएमओ, प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज, पीडी डीआरडीए, डीडीओ, डीसी मनरेगा, लोक निर्माण विभाग, जल निगम, जल संस्थान, सिंचाई, ग्रामीण अभियंत्रण एवं अन्य कार्यदायी विभागों के अधिशासी अभियंता, शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, महिला कल्याण व अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

---

#### विधायक ने की बैठक आहूत

## विद्युत, पेयजल की समस्याओं के निराकरण पर की चर्चा



**हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर**

विधानसभा ललितपुर के सदर विधायक ने लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में स्थित सभागार में विद्युत एवं पेयजल की समस्याओं के सम्बन्ध में दोनों विभागों के अधिकारियों एवं फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर के साथ बैठक आहूत की गयी। जिसमें अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, ललितपुर राजेश कुमार श्रीवास्तव, अधीक्षण अभियन्ता, दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम ललितपुर राजीव कालरा, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय विशाल सिंह, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उप्र जल निगम (ग्रामीण), ललितपुर अवनीश सिंह, जल निगम के सहायक अभियन्ता अरूण कुमार बौद्ध, पीएमसी के टीम लीडर रमेशचन्द्र गुप्ता, टीपीआई के डिप्टी टीम लीडर आशुतोष कुमार, मेसर्स सुधाकरा इन्फ्राटेक प्रालि के प्रोजेक्ट मैनेजर आकाश सिंह गौर, मेसर्स डारा इंजीनियरिंग प्रालि के प्रोजेक्ट मैनेजर सुभाष विश्नोई, मेसर्स जेएमसी प्रालि के प्रोजेक्ट मैनेजर तपन बैरा, मेसर्स सीके इन्टरप्राइजेज के प्रतिनिधि अनूप कुमार, मेसर्स हिन्दुस्तान इंजीनियरिंग प्रालि के प्रतिनिधि सुश्री अभिलाषा, मेसर्स ब्रिज इंजीनियरिंग एण्ड बानको कंस्ट्रक्शन प्रालि के प्रतिनिधि संतोष कुमार आदि उपस्थित रहे।

बैठक में सदर विधानसभा के अन्तर्गत ग्रामों में की जा रही पेयजल आपूर्ति एवं विद्युत समस्याओं के सम्बन्ध में जल निगम एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली गयी। जिसमें अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उप्र जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि धौर्रा-बालाबेहट ग्राम समूह पेयजल योजना में 180 नग पेड़ों की कटाई का कार्य अवशेष होने के कारण 4 स्थलों पर विद्युत संयोजन का कार्य शेष है। चंदावली ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत एक स्थल पर अतिवृष्टि के कारण पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण 3 नग ग्रामों में पेयजल आपूर्ति बाधित है।


उक्त पर विधायक द्वारा बैठक में उपस्थित अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को पेड़ों की कटाई हेतु वन विभाग / वन निगम से समन्वय करते हुए शीघ्र विद्युत संयोजन प्रदान करने एवं विद्युत आपूर्ति में सुधार लाने हेतु निर्देशित किया। एवं अधिशासी अभियन्ता, जल निगम को समस्त ग्रामों में नियमित पेयजल आपूर्ति करने, अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त हुई पाइपलाइनों को शीघ्र मरम्मत करने, ग्रामों में अवशेष रोड रेस्टोरेशन एवं पाइपलाइन डालने के कार्य एवं गृह संयोजनों में टोंटी लगाने एवं कनेक्शनों को घर के अन्दर करने तथा टऊढए पाइप को जमीन के अन्दर दबाने हेतु निर्देशित किया।

---

#### एसपी ने गूगल मीटिंग कर अधीनस्थों को दिए निर्देश

## कांवड़ यात्रा को लेकर संजीदा रहे पुलिस अधिकारी व कर्मचारी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर**



पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने गूगल मीट के माध्यम से जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना व शाखा प्रभारियों के साथ कावड़ यात्रा में अपराध एवं कानून-व्यवस्था को लेकर निर्देश दिये हैं। गूगल मीटिंग में एसपी ने सभी क्षेत्राधिकारियों व थाना प्रभारियों को श्रावण मास में कावड़ यात्रा व आगामी त्योहारों को लेकर प्रमुख मार्गों का भौतिक रुप से निरीक्षण कर मन्दिरों/शिवालयों में पर्याप्त पुलिस बल लगाकर त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु दिशा-निर्देश दिये। अन्य जनपदों से आने वाले कांवड़ यात्रियों के साथ समन्वय स्थापित कर उन्हें वैकल्पिक मार्गों की जानकारी देने तथा यातायात व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने, समस्त पीआरवी को सक्रिय रहने, संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात कर मार्गों के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों को क्रियाशील स्थिति में रखने के लिए भी कहा गया। चोरी, झपटमारी, लूट, डकैती, नकबजनी के अपराधों से सम्बन्धित, विशेष अभियान चलाकर समस्त क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी स्वयं चोरों एवं अपराधियों का सत्यापन कर, घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही कर रात्रि में प्रभावी रूप से चेकिंग/गस्त करने हेतु निर्देशित किया। यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, यातायात प्रभारी प्रतिदिन प्रभावी चेकिंग करने तथा वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक सवारी बैठाने, हेलमेट, सीट बेल्ट का उपयोग न करने वाले तथा रोड़ पर स्टंटबाजी करने वाले वाहन चालकों, स्वामियों के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।

---

#### पूर्व पार्षद अनुराग जैन शैलू ने प्रभारी मंत्री को पत्र सौंपा

## हड्डी विभाग की ओपीडी ग्राउंड फ्लोर से संचालित हो

**हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर**



जिला अस्पताल में हड्डी रोग विभाग की ओपीडी को प्रथम तल से ग्राउण्ड फ्लोर पर संचालित कराये जाने की मांग को लेकर नगर पालिका परिषद के पूर्व पार्षद अनुराग जैन शैलू ने प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी को एक पत्र सौंपा है। बताया कि स्वशाषी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय (मेडीकल कॉलेज) में मर्ज हो चुके जिला अस्पताल में संचालित हो रहे हड्डी रोग विभाग की ओपीडी को प्रथम तल से ग्राउण्ड फ्लोर पर संचालित किया जाये। बताया कि मेडीकल कॉलेज में इस समय अच्छे चिकित्सक कार्य कर रहे हैं, लेकिन हड्डी रोग की ओपीडी प्रथम तल पर स्थित है, जिससे पैर और कमर की हड्डी से ग्रसित मरीजों को अत्याधिक परेशानियां उठानी पड़ रहीं हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे मरीजों को ऊपर ले जाने और वापस लाने में बेहद कष्ट का सामना करना पड़ता है। ऐसे में पूर्व पार्षद ने प्रभारी मंत्री से उक्त ओपीडी को ग्राउण्ड फ्लोर पर स्थानान्तरित कराये जाने की मांग उठायी है।

### पार्षद ने मांगी प्रभारी मंत्री से सुरक्षा की मांग

नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 15 के पार्षद का सफाई कर्मचारियों से उसे समय विवाद हो गया था जब वह अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद और पीडब्ल्यूडी की सड़क पर किए जा रहे अवैध निर्माण के ठेकेदार खिलाफ आंदोलन की तैयारी कर रहे थे इसी बीच सफाई कर्मचारी जिससे इनका पूर्व से लेनदेन चल रहा था से विवाद हो गया। पुलिस दोनों तरफ से मुकदमा कायम किया। प्रभारी मंत्री को चाहिए की नगर पालिका परिषद में इस अवरोध को दूर करे पार्षद ने और सपाई कर्मचारी जिलाधिकारी से भी सुरक्षा की मांग की थी।

---

#### सपा विधायक प्रतिनिधि ने प्रभारी मंत्री को सौंपा पत्र

## स्मार्ट मीटर को तत्काल हटवाए सरकार : सिंह

**ललितपुर।**समाजवादी पार्टी से स्नातक विधायक डा.मानसिंह यादव के जिला प्रतिनिधि एड विजय सिंह यादव ने प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी को एक पत्र सौंपा है। जिसमें उन्होंने छह सूत्रीय समस्याओं को रखते हुये समयबद्ध निस्तारण की मांग उठायी। पत्र में विजय सिंह यादव ने प्रभारी मंत्री को बताया कि अतिवृष्टि के कारण सम्पूर्ण जनपद में किसानों की फसल नष्ट हुयी हैं, जिसका मुआवजा किसानों को शीघ्रता से दिया जाये। वहीं क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत भी युद्ध स्तर पर किया जाये और सबसे ज्वलन्त समस्या स्मार्ट मीटर की विकराल रूप से लेकर सामने आयी है, इसलिए स्मार्ट मीटर को तत्काल हटाया जाये, जिससे आमजन को स्मार्ट मीटर लगने के बाद बेहताशा धनराशि के आ रहे भारी-भरकम बिलों से राहत मिल सके। इसके अलावा जिले में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत बीमारियों की रोकथाम के लिए आवश्यक कीटनाशकों का छिड़काव युद्ध स्तर पर कराया जाये और मर्ज किये गये सरकारी विद्यालयों को भी शीघ्र खोले जाने की मांग उठायी गयी। कहा कि जिले में जहरीली और अवैध शराब की बिक्री पर भी प्रभावशाली तरीके से कार्यवाही करते हुये रोक लगाये जाने की मांग उठायी गयी।

---

### नलों में आ रहा गंदा पानी प्रश्न उत्तर में दिया गया गोलमोल जवाब

**ललितपुर।** प्रभारी मंत्री उत्तर प्रदेश वक्फ बोर्ड कमेटी दानिश आजाद अंसारी के जनप्रतिनिधियों से भेंट के दौरान जब पत्रकारों ने नालों का पानी बोतल में भरकर प्रस्तुत किया तब प्रभारी मंत्री की स्थिति असमंजस जैसी हो गई।



उन्होंने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को पानी की बोतल देते हुए स्वच्छ पानी जनता को पिलाने के लिए निर्देश दिए इसके पूर्व में भी ललितपुर के आम जन पूर्व में भी गंदा पानी को लेकर जिला प्रशासन को अवगत कराते रहे देखना है की जनता को स्वच्छ पानी कब पीने को मिलता है।

---

## जमीनी विवाद पर दो पक्ष भिड़े, रिपोर्ट दर्ज

**शिकायती पत्र देकर एफआईआर दर्ज कराई**

**ललितपुर।** जमीनी विवाद को लेकर निकटवर्ती ग्राम जिजयावन में दो पक्षों में आमने-सामने की भिड़न्त हो गयी। इस घटना में दोनों पक्षों की ओर से पुलिस को शिकायती पत्र देकर एफआईआर दर्ज करायी गयी है। पहले पक्ष की ओर से सीताराम पुत्र रनवीर ने पुलिस को बताया कि मंगलवार की शाम करीब 4.30 बजे वह घर पर था, तभी गांव के जगभान सिंह पुत्र रनवीर सिंह, प्रीति पत्नी स्व.महेश, लवकुश पुत्र महेश व बिन्नू राजा पत्नी जगभान एकराय होकर आये और जमीनी विवाद को लेकर गालियां देते हुये मारपीट करने लगे। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। बचाव करने आये उसके पुत्र अमित यादव जो कि घटना की वीडियो बना रहा था के साथ भी मारपीट कर दी गयी। पुलिस ने सीताराम की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से बिन्नू राजा पत्नी जगभान यादव ने बताया कि बीते मंगलवार को शाम 4 बजे वह अपने दरबाजे पर बैठी थी, तभी गांव के सीताराम उर्फ सुन्नी पुत्र रनवीर, उसकी पत्नी पुष्पा, पुत्र अमित, पूनग ने गालियां दी। मना करने पर मारपीट कर दी और बचाव करने आयी बहू प्रीति के साथ भी मारपीट की।

---

#### तीन मौके से भागने में सफल

## महरौनी पुलिस ने छायन गांव में दबिश देकर पकड़े तीन जुआरी

ललितपुर। महरौनी कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर दविश देकर तीन जुआरियों को धर दबोचने में सफलता हांवीसिल की है। महरौनी में तैनात उप निरीक्षक अनुज कुमार ने बताया कि वह कुम्हैड़ी होते हुये अंजनी माता मंदिर की मोड़ पर गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग ग्राम छायन में कारस देव बाबा मंदिर के पास बैठकर ताश के पत्तों पर हार-जीत की बाजी लगा रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर वह अपने हमराह कां. सूरज व कां.श्याम वीर गुर्जर के साथ मौके पर जा पहुंचे, जहां उन्होंने जुआरियों की टोह लेकर सत्यापित किया कि वहां जुआरी मौजूद हैं। तद्घोपरान्त दविश दी, तो पुलिस को आता देख जुआ खेल रहे छह जुआरियों में तीन भागने में कामयाब रहे, जबकि तीन को पुलिस ने पकड़ लिया। जुआरियों की जामा तलाशी के दौरान कुल 490 रुपये व माल फड़ से 1200 रुपये और 52 ताश के पत्तों की गडडी बरामद की है। पकड़े गये जुआरियों में ग्राम छायन निवासी आशाराम पुत्र हिम्मतलाल, बल्लू कुशवाहा पुत्र स्व.थोवन, दीपू पुत्र मुलु बताया। जबकि भागे हुये जुआरियों के नाम कप्तान पुत्र कल्ले, रविन्द्र बहादुर सिंह उर्फ बासाहब पुत्र वीरेन्द्र सिंह परमार व राकेश बताये गये हैं। पुलिस ने पकड़े गये जुआरियों के खिलाफ जुआ अधिनियम की धारा 13 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

#### कर-करेत्तर व राजस्व प्राप्तियों की समीक्षा में कम प्रगति वाले विभागों को फटकार

# प्रवर्तन कार्य में तेजी ला लक्ष्यों को पूरा करें: डीएम

**हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर**



जनपद में विभिन्न विभागों की माह जून 2025 तक की कर-करेत्तर एवं राजस्व प्राप्तियों की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की और कम प्रगति वाले विभागों को फटकार लगाते हुए प्रगति में सुधार करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये वार्षिक लक्ष्य के अंतर्गत मासिक लक्ष्य को समय से पूर्ण करें, जिससे वार्षिक लक्ष्य को शत-प्रतिशत करने में कोई परेशानी न आये। जिन विभागों की मासिक प्रगति कम है, वह पूरी तत्परता के साथ प्रवर्तन कार्य में तेजी लाकर लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूर्ण करें। बैठक में एआरटीओ की बिना बताये अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें चेतावनी जारी करने के निर्देश दिये गए। आबकारी विभाग की समीक्षा में मसौरा क्षेत्र में हाईवे के किनार शराब की दुकान को हटाने के निर्देश के साथ नहीं ही इस प्रकार की अन्य दुकानों को दूसरे स्थान पर विस्थापित करने के भी निर्देश दिये गए। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अपने-अपने क्षेत्र की शराब की दुकानों की ओवर रेटिंग व बार कोट आदि की जांच करें। अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिये गए कि वह स्मार्ट मीटर में आ रही समस्याओ के दृष्टिगत उपभोक्ताओं की भ्रांतियों को दूर करने के लिए सबसे पहले विद्युत विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों के यहां स्मार्ट मीटर लगवायें। व्यापार कर की समीक्षा के दौरान बताया गया कि माह में 7 करोड़ के सापेक्ष 5.31 करोड़ की राजस्व की वसूली कर 75.86 प्रतिशत प्रगति हासिल की गई। स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि माह में 9 करोड़ के सापेक्ष 8.01 करोड़ की राजस्व की वसूली कर 89 प्रतिशत प्रगति हासिल की गई। मालकर, वाहनकर व यात्री कर के सम्बंध में बताया गया कि 4.07 करोड़ के सापेक्ष 2.86 करोड़ की वसूली कर 70.27 प्रतिशत प्रगति रही। राज्य उत्पादन शुल्क (आबकारी) के सम्बंध में बताया गया कि माह के लक्ष्य 31.99 करोड़ के सापेक्ष 31.84 करोड़ की वसूली कर 99.53 प्रतिशत प्रगति रही। अलौह खनन तथा धातुकर्म के सम्बंध में बताया गया कि माह का लक्ष्य 3.65 के सापेक्ष 6.35 करोड़ की वसूली कर 179.97 प्रतिशत प्रगति रही।

देशभक्ति के नारों से गूंजा आसमान, जनसैलाब ने नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

# अंतिम यात्राः शहीद हरिओम की राजकीय सम्मान के साथ हुई विदाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

जम्मू-कश्मीर की दुर्गम सीमा पर देश सेवा के दौरान शहीद हुए सारंगपुर क्षेत्र के ग्राम टूटियाहेड़ी निवासी भारतीय सेना के वीर जवान हरिओम नागर को मंगलवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। जैसे ही शहीद की पार्थिव देह पचोर खुजनेर होते हुए गांव तक पहुंची, पूरा क्षेत्र भारत माता की जय और हरिओम नागर अमर रहे के नारों से गूंज उठा।

### अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

पचोर से टूटियाहेड़ी तक निकाली गई शहीद की अंतिम यात्रा में हजारों लोगों ने भाग लिया। पुष्पवर्षा, देशभक्ति गीतों और नारों के साथ लोगों ने नम आंखों से अपने लाल को अंतिम विदाई दी। हर चौराहे पर लोग फूलमालाएं लिए खड़े रहे। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर कोई भावविभोर दिखा।

### सैन्य परंपराओं के अनुसार दी गई अंतिम सलामी

टूटियाहेड़ी गांव में भारतीय सेना की टुकड़ी द्वारा शहीद को सैन्य सम्मान के साथ अंतिम सलामी दी गई। तिरंगे में लिपटी पार्थिव देह को गार्ड ऑफ ऑनर, हवाई फायरिंग, और राष्ट्रगान के साथ अंतिम विदाई दी गई। यह दृश्य देखकर हर आँख नम हो गई। इस मौके पर राज्य मंत्री गौतम टेटवाल,राज्य मंत्री मोहन नागर सांसद रोडमल नागर,विधायक अमरसिंह यादव, कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा, एसपी अमित तोलानी, भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर एसडीएम रोहित बम्होरे, एसडीओपी अरविंद सिंह, पचोर नपाध्यक्ष विकास करोड़िया सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण जन जनप्रतिनिधि अधिकारी गण ने श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मंत्री टेटवाल ने कहा कि हरिओम नागर जैसे वीर सपूतों से ही भारत की आत्मा जीवित रहती है। उनका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। उन्होंने यह भी घोषणा की कि शहीद की प्रतिमा स्थापित की जाएगी और सरकार हर कदम पर परिवार के साथ खड़ी रहेगी। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से अपील की कि शहादत को केवल शोक नहीं, राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा मानें।

### *एक आदर्श पुत्र, जो बना देश का बेटा*

*हरिओम नागर बचपन से ही देशभक्ति और अनुशासन के प्रतीक रहे। प्रारंभिक शिक्षा के बाद सेना में भर्ती होकर उन्होंने राष्ट्रसेवा को अपना धर्म बना लिया। उनके शिक्षक बताते हैं कि वे सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते थे।शहीद के पिता ने कहा, बेटा अब पूरे देश का बेटा बन गया है, उसका बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। माँ ने अश्रुपूरित नेत्रों से कहा, बेटे ने हमारे ही नहीं, पूरे देश का मान बढ़ा दिया। हरिओम नागर की शहादत को सोशल मीडिया पर भी व्यापक श्रद्धांजलि मिली। हजारों लोगों ने उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। यह बलिदान टूटियाहेड़ी या पचोर का नहीं, समूचे भारत का है।शहीद हरिओम नागर का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा और उनकी शहादत आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरणा देती रहेगी। शहीद हरिओम नागर अमर रहे।*

# सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

## महिला के फोटो वायरल करने की धमकी देकर मांग रहा था रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



राजगढ़ ब्लॉक के पिपलोदी पशु औषधालय में पदस्थ सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी पर कोतवाली पुलिस ने विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। संबंधित अधिकारी पर एक महिला के कुछ फोटो वायरल करने की धमकी देकर महिला के परिजन से 50 हजार रुपए की मांग करने का आरोप है। पुलिस ने शिकायत के बाद संबंधित अधिकारी पर अड़ीबाजी सहित आईटी एक्ट की धारा में अपराध पंजीबद्ध किया है।

### क्या है मामला

जानकारी के अनुसार पशु औषधालय पिपलोदी में पदस्थ सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी आजाद खान निवासी पीटी कंपनी राजगढ़ के संबंध में कोतवाली पुलिस को एक शिकायत प्राप्त हुई। शिकायतकर्ता के अनुसार रिश्ते में उनकी परिजन लगने वाली विवाहिता महिला के कुछ आपत्तिजनक फोटो वायरल करने की धमकी देकर आजाद खान द्वारा 50 हजार रुपए देने की मांग की जा रही है। इसके साथ ही राशि नहीं देने पर महिला और उसके पिता को जान से मारने की धमकी भी आजाद खान द्वारा दी गई है। फरियादी ने शिकायत के संबंध में कुछ साक्ष्य भी पुलिस को उपलब्ध करवाए। मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस ने सहा. पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी आजाद खान निवासी पीटी कंपनी मस्जिद के समीप पर बीएनएस की धारा 308(5), 79 एवं आईटी एक्ट की धारा 66 के तहत एफआईआर दर्ज की है।

### भाजपा महामंत्री और हिंदू संगठनों ने जताया विरोध

21 जुलाई को कुछ हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता ने बजरंग दल के पूर्व प्रांत संयोजक तथा भाजपा जिला महामंत्री देवीसिंह सौंधिया के साथ जाकर जिला कलेक्टर और जिला पुलिस अधीक्षक राजगढ़ को एक आवेदन देकर पूरी घटना की जानकारी देते हुए उक्त पशु चिकित्सक की सारी जानकारी दी, तो प्रशासन ने तुरंत कार्यवाही करते हुए इसके मोबाइल जब्त करके उन्हें खंगाले जिसमें कई आपत्ति जनक सामग्री पाई गई तो उस पर मंगलवार को एफआईआर दर्ज करते हुए कार्यवाही प्रारंभ कर दी।

### किसके कहने पर हुई पशु चिकित्सक की वापसी?

इस घटना पर भाजपा जिला महामंत्री देवीसिंह सौंधिया ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि लव जिहाद के मामले को लेकर हम पूर्ण तैयार हैं। हम किसी भी हाल में इस तरह का कृत्य नहीं होने देंगे। परंतु यह शर्मिंदगी की बात है कि जिस डॉक्टर को इसी तरह की शिकायतों के चलते नरसिंहगढ़ तबादला किया गया था फिर किसके कहने पर उसे पूर्व स्थान पर पहुंचाकर आजाद खान को और आजादी दे दी गई। महामंत्री सौंधिया ने कहा कि हम राष्ट्रविरोधी ताकतों का पूर्ण रूप से विरोध करते है फिर चाहे पक्ष में हो या विपक्ष में उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा।

## *नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में सजी भक्ति की अनुपम छटा*

*सारंगपुर। नगर की सांस्कृतिक व धार्मिक चेतना को जाग्रत करने वाले आयोजनों की श्रृंखला में नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर परिसर एक बार फिर शिवभक्ति की आलौकिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा। हिंदू उत्सव समिति, सारंगपुर द्वारा प्रारंभ की गई सायंकालीन सामूहिक आरती परंपरा को जनसामान्य का अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है। इसी क्रम में सोमवार को पुराना बस स्टैंड स्थित नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर पर संपन्न सामूहिक आरती में श्रद्धालुओं का अपार जनसैलाब उमड़ पड़ा। घंटे-घड़ियालों की ध्वनि, शिव नाम की गूंज और दीपों की झिलमिलाती रोशनी से मंदिर प्रांगण शिवमय वातावरण में परिणत हो गया। भक्ति और भावनाओं की इस अपूर्व छटा ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।*

पुलिस गश्त के बाद भी हाइवे पर जारी है ट्रक कटिंग

# मुंबई से लखनऊ जा रहे ट्रक से दवाइयों के बक्से चोरी, पुलिस ने मामला दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नेशनल हाईवे पर ट्रक कटिंग की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। हाईवे पर सक्रिय चोर गिरोह एक बार फिर पुलिस की सतर्कता को चुनौती देते हुए वारदात को अंजाम देने में सफल रहे। मंगलवार रात्रि को मुंबई से लखनऊ जा रहे एक ट्रक से चोरों ने दवाइयों से भरे बक्से चोरी कर लिए।

इस संबंध में ट्रक चालक जगदा सेनी पिता हरिकिशन सेनी (उम्र 40 वर्ष), निवासी सरकारा मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश की शिकायत पर पुलिस ने चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। गौरतलब है कि इससे पहले 17 जुलाई की रात भी हाईवे पर दो ट्रकों से इलेक्ट्रिक उपकरण और पार्सल चोरी होने की घटनाएं सामने आई थीं। दोनों वारदातें सारंगपुर थाना क्षेत्र में हुई थीं। पुलिस ने तब भी अज्ञात चोरों पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की थी, लेकिन अब तक चोर गिरोहों का कोई सुराग नहीं मिला है। इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए एसपी अमित तोलानी ने स्वयं हाईवे का निरीक्षण किया। उनके निर्देश पर एडिशनल एसपी के मार्गदर्शन में एसडीओपी अरविंद्र सिंह के नेतृत्व में थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा एवं उनकी टीम द्वारा लगातार रात्रि गश्त और चेकिंग की जा रही है। इसके बावजूद चोर गिरोह के हौसले बुलंद हैं और वे पुलिस की गश्त को चकमा देकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। क्षेत्र में बढ़ती इन घटनाओं को लेकर ट्रक चालकों और व्यापारियों में भय का माहौल है। पुलिस ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही चोर गिरोह की पहचान कर गिरफ्तार किया जाएगा।




बीएसओ बोले - डॉक्टर जल्दी ही करेंगे अपना सरकारी निवास खाली

# स्थानांतरण के बाद भी चिकित्सक निवास पर कब्जा जमाये बैठे हैं डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

डॉ भरतलाल शाक्य का माचलपुर स्वास्थ्य केंद्र से अटैचमेंट समाप्ति और स्थानांतरण के बाद भी शायद मोहभंग नहीं हो रहा है। महिला चिकित्सक द्वारा यौन उत्पीड़न की शिकायत के बाद नियम कायदों को ताक पर रखते हुए उल्टा उसे माचलपुर स्वास्थ्य केंद्र से हटाकर पहले राजगढ़ फिर खुजनेर स्वास्थ्य केंद्र अटैच कर दिया गया था।

नगर व क्षेत्र के नागरिकों के विरोध के बाद विधायक हजारीलाल दांगी ने डॉ भरतलाल शाक्य की कार्यप्रणाली से अप्रसन्नता जाहिर करते हुए महिला चिकित्सक को वापस लाने एवं डॉ भरतलाल को अपनी विधानसभा के बाहर अन्यत्र करने हेतु पत्र लिखा था किसको लेकर नगर व क्षेत्र के नागरिकों उनका धन्यवाद ज्ञापित किया था। जिसके बाद तत्कालीन जिला स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी किरण वाडिवा द्वारा एक आदेश 16 मई को जारी करते हुए माचलपुर और गोघटपुर के स्वास्थ्य केंद्र से अटैच कर रखे चिकित्सकों को वापस अपने स्थान पर ही सेवाएं देने हेतु आदेशित किया था पर अपने माचलपुर स्वास्थ्य केंद्र से मोह को लेकर डाक्टर भारतलाल शाक्य पहले छुट्टी पर फिर लंबे चिकित्सा अवकाश लेकर चले गए। फिर मध्यप्रदेश स्वास्थ्य एवम चिकित्सा शिक्षा विभाग आयुक्त द्वारा 8 जून को एक स्थानांतरण आदेश इछावर सीहोर का जारी किया था जिसमे तत्काल प्रभाव से कार्य हेतु आदेशित किया गया था। अटेचमेंट समाप्ति के तीन माह बाद और स्थांतरण के डेढ़ माह बाद भी सरकारी आवास पर अपना कब्जा जमा रखा है। जिसके कारण स्वास्थ केंद्र की व्यवस्था बिगड़ रही है। साथ ही महिला चिकित्सक जिसने डाक्टर साहब की शिकायत की थी। उसे भी रात्रि ड्यूटी के दौरान एक डर बना रहता है। अब देखना यह की कब तक जिम्मेदार इन व्यवस्थाओं में सुधार का प्रयास करते हैं और नगर व क्षेत्र के नागरिकों को महिला चिकित्सक की पदस्थापना का पूर्ण लाभ मिलता है।



### इनका कहना है...

हमने आदेश जारी कर दिया। अब वहा का बीएमओ खाली करवा सकता है।

शोभा पटेल
जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजगढ़

डॉक्टर भरतलाल शाक्य ने जुलाई लास्ट में चिकित्सा निवास खाली करने का बोला है।

सुनील चौरसिया
ब्लाक चिकित्सा अधिकारी जीरापुर

पूर्व विधायक के नेतृत्व में कलेक्टोरेट पहुंचे अनेकों किसान

# 20 गांवों की फसलें खराब, सर्वे कर फसल बीमा की रखी मांग

**राजगढ़।** राजगढ़ ब्लॉक के अनेकों गांवों में अत्यधिक बारिश के चलते खेतों में सोयाबीन, मक्का के बीज पनप नहीं पा रहे हैं। दो-दो बार बोवनी करने के बाद भी जब उपज अंकुरित नहीं हो पाई तो करीब 20 गांवों के अनेकों किसान मंगलवार दोपहर अपनी पीड़ा लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे। पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी के नेतृत्व में कलेक्टोरेट पहुंचे किसानों ने एसडीएम रत्नेश श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपते हुए प्रभावित फसलों का सर्वे करवाते हुए फसल बीमा एवं मुआवजा देने की मांग रखी। इसके पूर्व किसानों ने कलेक्टोरेट के गेट के समीप बैठकर काफी समय तक नारेबाजी की। किसानों की मांग पर एसडीएम ने नियमानुसार कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।



### इन गांवों में खराब हुई है फसल

पूर्व विधायक कल्पोनी ने बताया कि करेड़ी, गोरखपुरा, गेहूंखेड़ी, राजपुरा, कोलूखेडी, खारचाखेड़ी, खैरासी, टोडरी, हताईखेड़ा, तलाईखेड़ा, पीपल्याकुमार, खजूरी, करेड़ा, जलालिया, रोजड़, लिम्बोदा, चौसला, तूमड़ियाखेड़ी, गुराड़िया, खेड़ी, घोड़ाखेड़ा, बरखेड़ा के सैकड़ों खेतों में बीच पनप नहीं पाया है। यहां के किसान दो-दो बार बोवनी कर चुके हैं लेकिन बीज अंकुरित नहीं हुआ। ऐसे में उक्त ग्रामों में तुरंत विशेष सर्वे करवाते हुए उचित मुआवजा व फसल बीमा दिया जाना चाहिए।

# साहब हम जिंदा हैं, सचिव ने कागजों में कर दिया मृत घोषित

## कलेक्टर से गुहार लगाने पहुंचे लसुड़ली धाकड़ के छह आवेदक

**राजगढ़।** राजगढ़ जनपद की ग्राम पंचायत लसुड़ली धाकड़ निवासी छह बुजुर्गों को कागजों में मृत घोषित किए जाने का मामला सामने आया है। समग्र पोर्टल से नाम हटने पर जब इन बुजुर्गों को मिलने वाली वृद्धावस्था पेंशन, राशन आदि बंद हो गए तो ये सभी मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचे। फरियादी बुजुर्गों कलेक्टर को स्वयं आवेदन सौंपकर अपने जीवित होने का प्रमाण दिया।

लसुड़ली धाकड़ निवासी लक्ष्मीचंद पिता जगन्नाथ धाकड़, बद्रीलाल पिता देवचंद भील, कंचनबाई पत्नी भंवरलाल धाकड़, बालचंद पिता मोतीलाल बलाई, केशरसिंह पिता गोपीलाल धाकड़, भूलीबाई पत्नी भैरूसिंह ने बताया कि उनके जीवित होते हुए समग्र पोर्टल पर उन्हें मृत दर्शा दिया गया है। इसके चलते उन्हें मिल रही विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे राशन, किसान सम्मान निधि, वृद्धावस्था पेंशन इत्यादि का लाभ नहीं मिल पा रहा है।



शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि पंचायत सचिव ने दुर्भावनावश उनके नाम हटाए हैं। जब उन्होंने इस बारे में सचिव से पूछताछ की तो उनके द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। वृद्धजनों की शिकायत पर डिप्टी कलेक्टर द्वारा पूरे मामले की जांच करवाई जा रही है।

आगामी 16 सितंबर तक चलेगा यह संपूर्ण अभियान

# बच्चे को विटामिन-ए की खुराक पिलाकर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने दस्तक अभियान का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने, कुपोषण व बाल मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से जिले में मंगलवार से दस्तक अभियान का शुभारंभ हुआ। जिला अस्पताल में एक बच्चे को विटामिन-ए की दवा पिलाते हुए कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि अभियान के लिए बनाई गई कार्ययोजना अनुसार शत-प्रतिशत कार्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि फील्ड स्तर के अधिकारी और कर्मचारी बराबर इसकी मॉनीटरिंग करेंगे। एक पखवाड़े बाद अभियान की उपलब्धि एवं इससे हितग्राही बच्चों को हुए लाभ की समीक्षा की जाएगी। अभियान के शुभारंभ अवसर पर एसपी अमित तोलानी भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी एक बच्चे को विटमिन-ए की खुराक पिलाते हुए आमजनों से अभियान में सहभागिता करने का आगृह किया। अभियान के शुभारंभ अवसर पर सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल द्वारा अतिथियों को पौधा भेंट किया गया। उन्होंने अधिकारियों एवं उपस्थितजनों को अभियान की पूरी रूपरेखा एवं तैयारियों से अवगत कराया।



### 5 वर्ष तक के हर बच्चे की होगी जांच

सीएमएचओ डॉ. पटेल ने बताया कि अभियान के तहत जीरो से 5 साल तक के समस्त बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करवाया जाएगा। जिला टीकाकरण अधिकार डॉ एलपी भकोरिया ने अभियान के दौरान महिला बाल विकास, शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग और ग्रामीण यांत्रिकी विभाग से सहयोग की अपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि आपसी सहयोग एवं समन्वय से किसी भी अभियान को सफल बनाया जा सकता है। अभियान में ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों के बच्चों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिया जाएगा। इससे जिले में होने वाली शिशु मृत्यु दर और कुपोषण में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद जताई जा रही है। इस अवसर पर डॉ केके श्रीवास्तक, डॉ आरके कठेरिया, डॉ आरएस परिहार, सीबीएमओ डॉ एसके मित्तल, डॉ पीके जैन, डॉ सुधीर कलावत, आरएमओ डॉ अमित कोहली, डॉ आरएस माथुर, जिला मूल्यांकन अधिकारी आनंद भारद्वाज, डीसीएम सुनील वर्मा सहित अन्य स्वास्थ्य अमला मौजूद था।

# ब्लॉक मेडिकल अधिकारी ने अवैध पैथोलॉजी लैब को सील किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर में शासन के नियमों की अनदेखी करते हुए संचालित पैथोलॉजी लैब को जिला चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर ने सील कर दिया। जानकारी के अनुसार अवैध लैबो का संचालन नगर में बना हुआ था जिसमें शासन के नियमों का पालन नहीं होने से ब्लाक मेडिकल अधिकारी द्वारा लैब संचालक को डेढ़ माह पूर्व नोटिस देकर अवगत कराया गया था कि लैब संचालक संबंधित दस्तावेज को सिविल अस्पताल में जमा करें। परंतु आज दिनांक तक केवल दो ही लैबों के दस्तावेज जमा हो पाए हैं।

तदउपरांत जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ शोभा पटेल के निर्देशन में ब्लॉक मेडिकल अधिकारी डॉ सुनिल चौरसिया द्वारा राजस्व विभाग की टीम एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम गठित कर नगर में संचालित सात अवैध पैथोलॉजी लैब पर छापा मारकर उन्हें सील कर दिया। जांच में सामने आया कि लैब न तो पंजीकृत थी और न ही वहां कार्यरत कर्मचारियों के पास आवश्यक डिग्री या लाइसेंस मौजूद था। मरीजों की सेहत से खिलवाड़ करने वाली इन लैब पर कार्रवाई करते हुए स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया कि ऐसे अवैध संस्थानों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा।

### इन लैब को किया गया सील

आरके पैथोलाजी, अंश पैथोलाजी लेब बंद अवस्था में थी। क्षिप्रा लेब, अंकित लेब, श्रीश्याम लेब, सार्थक लेब, महादेव लेब के पास एक भी दस्तावेज नहीं मिलने पर पंचनामा बनाकर इन्हें सील किया गया। हालांकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई कार्रवाई सराहनीय पहल है लेकिन पूर्व में भी दो झोलाछाप डॉक्टरों के निजी क्लिनिक एवं लैबों को सील किया गया था जो करवाई उपरांत पुनः किसी उचित कार्रवाई के सील खोले गए जो नगर में धड़ल्ले से संचालित है। शासन प्रशासन को ऐसे निजी छोला छाप डॉक्टर पर भी उचित कार्रवाई करना चाहिए ताकि मरीजों के जीवन से खिलवाड़ न हो।

**नाम परिर्वतन सूचना**

मैं इंदर सिंह पिता मोतीलाल उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम जेठडा तहसील शुजालपुर जिला शाजापुर म.प्र. । मेरे पुत्र के शासकीय अशासकीय दस्तावेजों में उसका नाम व सरनेम सोहन सिसोदिया (Sohan Sisodiya) दर्ज है। जो कि सत्य एवं सही है । मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम त्रुटिवश सोनू Sonu पिता इंदर सिंह दर्ज हो गया है। अतः भविष्य में सभी शासकीय / अशासकीय दस्तावेजो मे मेरे पुत्र को सोहन सिसोदिया (Sohan Sisodiya) पिता इंदर सिंह के नाम से जाना व पहचाना जावे ।

शपथ पत्र क्रमांक BU 508314